Fourteenth Loksabha

Session : 5
Date : 29-08-2005

Participants : Maharia Shri Subhash

>

Title : Need for conversion of Jaipur-Loharu-Reengas-Seekar and Phulera-Reengas-Rewari meter gauge railway lines into broad gauge.

MR. SPEAKER: Shri Subash Maheria - laid on the Table.

***श्री सुभाा महरिया (सीकर)** : महोदय, मैं रेल मंत्री महोदय का ध्यान राजस्थान के शेखावाटी क्षेत्र की ओर दिलाते हुए बताना चाहता हूं कि फूलेरा-रींगस-रेवाड़ी एवं जयपुर-रींगस-सीकर-लोहारू रेल लाइन आज भी मीटर गेज है। मैं जानकारी देना चाहूंगा कि रेल विभाग ने सन् 1970 में जो सर्वे रिपोर्ट तैयार की, उसकी रेट आफ रिटर्न 15 प्रतिशत से ऊपर आई, पुनः 1998 में एक रिपोर्ट रेल विभाग ने बनाई, उसमें भी मीटर गेज को ब्रॉडगेज में बदलना न्यायसंगत ठहराया गया। अतः निवेदन है कि जयपुर से लोहारू वाया रींगस-सीकर एवं फूलेरा से रेवाड़ी वाया रींगस को अविलम्ब मीटर गेज से ब्रॉडगेज में परिवर्तित किया जाए।

महोदय, रेल विभाग भी आर्थिक रूप से फायदे में रहेगा एवं देश की रक्षा में लगे सीकर एवं झुन्झुनू जिले के सैनिक, जिनकी वीरता का कोई सानी नहीं है, उन्हें भी बड़ी राहत मिलेगी। मैं शेखावाटी क्षेत्र के सीकर संसदीय क्षेत्र से चुन कर आता हूं जहां के लोग देश के हर कोने में व्यापारिक दृटि से एक महत्वपूर्ण स्थान रखते हैं, उन्हें भी बड़ी राहत मिलेगी तथा खाटूश्यामजी, सालासरजी धाम, शाकुम्बरी माता एवं जीणमाता धर्मिक स्थल होने से, जहां देश के हर कोने से करोड़ों लोग दर्शनों के लिए आते हैं, उन्हें भी आने-जाने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है तथा जहां तक खनिजों का संबंध है इनका शेखावाटी क्षेत्र में भारी दोहन होता है। अतः इन लाइनों के मीटर गेज से ब्रॉडगेज में परिवर्तन से शेखावाटी क्षेत्र का समग्र विकास भी संभव होगा।